देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 245 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
आरोप–प्रत्यारोप और बयानबाजी



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 4 जनवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.39 | 2 परमाणु बमों को बनाते रहेंगे आधुनिक | 7 अर्धशतक लगाकर बनाया खास रिकार्ड

# 6 लाख 28 हजार किशोरों का एक सप्ताह में होगा टीकाकरण

## 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों के कोविड टीकाकरण अभियान का सीएम ने किया शुभारम्भ

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सनातन धर्म इण्टर कॉलेज बन्नू रेस कोर्स, देहरादून में 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों के कोविड टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। टीकाकरण अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष कुमारी आरना एवं कुमारी प्रथा का टीकाकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म इण्टर कॉलेज बन्नू रेसकोर्स में रंगाई, पुताई के कार्यों के लिए 25 लाख रूपये दिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सप्ताह में प्रदेश के 15 से 18 वर्ष के सभी 06 लाख 28 हजार किशोरों का टीकाकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरगामी सोच के परिणामस्वरूप ही सबको सुरक्षा का कवच मिला है। देश में कोविड की जब पहली लहर आयी, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इससे बचाव के लिए अनेक अनुसंधान किये। भारत में कोविड से बचाव के लिए दो स्वदेशी वैक्सीन निर्मित की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में कोविड टीकाकरण का महाअभियान चलाया गया है। कोरोना के शुरूआती चरण में इससे बचाव के लिए सीमित संसाधन थे। कोरोना से बचाव के लिए तेजी से सभी संसाधन जुटाये गये। आज कोविड से बचाव के लिए देश के पास पर्याप्त संसाधन हैं। भारत दूसरे देशों को भी कोविड वैक्सीन एवं अन्य उपकरण उपलब्ध करा रहा है। राज्य में भी एन.एफ.एस.ए कार्ड धारकों को 10–10 किलो गेंहू एवं चावल दिया जा रहा है, जो इस पूरे वित्तीय वर्ष में दिया जायेगा।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, मेयर सुनील उनियाल गामा, जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आर. राजेश कुमार, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. तृप्ति बहुगुणा, सीएमओ देहरादून डॉ. मनोज उप्रेती, डॉ. आशुतोष सयाना, सनातन धर्म इण्टर कॉलेज बन्नू रेसकोर्स, प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरीश विरमानी मौजूद थे।



### प्रभावितों को हर संभव मदद

उत्तराखण्ड में भी सभी सुविधाएं पर्याप्त मात्र में उपलब्ध हैं। कोरोना की वजह से अनेक लोगों के कार्य प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रभावितों को हर संभव मदद दी है। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रति यूनिट 05 किलो राशन निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

### लोगों के बूस्टर डोज का अभियान भी शुरू किया जायेगा

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आज से पूरे प्रदेश में 15 से 18 आयुवर्ग के किशोरों के टीकाकरण की शुरूआत की गई। इस आयु वर्ग के राज्य में बाहरी प्रदेशों से पढ़ने वाले किशोरों का टीकाकरण भी किया जायेगा। राज्य में कोविड टीकाकरण की दूसरी डोज का भी 85 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो चुका है, इसे जल्द पूर्ण किया जायेगा। 10 जनवरी से फ्रंटलाईन वर्कर एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के बूस्टर डोज का अभियान भी शुरू किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक निर्णय लिये गये हैं। 800 ए.एन.एम के पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। 3000 नर्सिंग स्टाफ एवं 01 हजार वार्ड बॉय भी जल्द भर्ती किये जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गलवन पर प्रोपगंडा फैलाने में जुटा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। नए साल में भी चीन भारत के साथ रिश्तों को सामान्य बनाने के लिए अभी तैयार नहीं दिख रहा है। एक तरफ दोनों देशों की सेनाओं के बीच स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मिठाइयों का आदान–प्रदान हुआ, तो दूसरी तरफ जिस तरह से गलवन घाटी को लेकर एक वीडियो चीन सरकार के नियंत्रण वाले मीडिया व मीडियाकर्मियों की इंटरनेट साइट से जारी किया गया है वह उसकी मानसिकता को बता रहा है।

### गृह मंत्री अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को लेकर की बड़ी बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति और उभरती चुनौतियों की समीक्षा की। नये साल में यह इस तरह की पहली उच्च स्तरीय बैठक थी, जिसकी अध्यक्षता शाह ने की।

# देश में ओमिक्रोन के संक्रमितों का आंकड़ा 19 सौ के पार

## दिल्ली में 81 फीसद नमूनों में कोरोना का नया वैरिएंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में ओमिक्रोन के मामले बढ़कर 1,945 हो गए हैं। इनमें से 687 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं या अन्य स्थानों पर चले गए हैं। सोमवार को महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 68, राजस्थान में 53, केरल में 29, गुजरात में 16, कर्नाटक में 10, हरियाणा में आठ और गोवा में चार नए मामले मिले। ओमिक्रोन के मामले 23 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में सामने आ हैं। इसके साथ ही महाराष्ट्र, दिल्ली और बंगाल समेत देश के कई राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं।

**दिल्ली में 81 फीसद नमूनों में ओमिक्रोन:** इस बीच दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 81 फीसद नमूनों में ओमिक्रोन की पुष्टि हुई है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा को बताया कि हाल में कोविड के 187 नमूनों की जांच की गई थी। इनमें से 152 यानी 81 प्रतिशत नमूनों में ओमिक्रोन की पुष्टि हुई जबकि 8.5 प्रतिशत नमूने में डेल्टा वैरिएंट पाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि ओमिक्रोन से संक्रमित किसी भी मरीज को अब तक आक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ी है। दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 4,099 नए मामले सामने आए जबकि संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हुई।

**राज्यों की स्थितिः** बंगाल में 6,078 और दिल्ली में 4,099 मामले पाए गए हैं। दिल्ली में संक्रमण दर बढ़कर 6.46 प्रतिशत हो गई है। तमिलनाडु में 1,728 केस पाए गए। गुजरात में सात महीने बाद एक दिन में सबसे ज्यादा 1,259 नए मामले पाए गए हैं। एक दिन पहले 33 हजार से ज्यादा केस मिले थे। सक्रिय मामले भी 22,781 बढ़े थे और कुल सक्रिय मामले बढ़कर 1,45,582 हो गए थे।

### 31,680 हजार नए मामले मिले

सोमवार देर रात तक राज्यों से जो आंकड़े मिले हैं उसके मुताबिक करीब 31,680 हजार नए मामले मिले हैं, जिसमें कई राज्यों के आंकड़े शामिल नहीं हैं। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 12,160 मामले शामिल हैं, जिसमें से अकेले मुंबई में ही 8,082 केस हैं। मुंबई में पिछले साल 18 अप्रैल के बाद एक दिन में इतने मामले पाए गए हैं। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मुंबई में 31 जनवरी तक सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है, सिर्फ 10वीं और 12वीं की कक्षाएं चलेंगी।

# उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में 189 नए संक्रमित मिले

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में 189 नए संक्रमित मिले हैं। प्रदेश में अब तक 345653 लोग संक्रमित हो चुके हैं। वहीं आज 104 लोग ठीक हुए हैं। सोमवार को देहरादून जिले में 71 लोग संक्रमण की चपेट में आए हैं। हरिद्वार में 12, नैनीताल में 18, पौड़ी में 44, अल्मोड़ा में नौ, ऊधमसिंह नगर में 22, टिहरी में चार, पिथौरागढ़ में छह, चमोली, चंपावत व उत्तरकशी जिले में एक–एक संक्रमित मिले हैं।

जिले में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने लगे हैं। अभी तक जिले में 69 एक्टिव केस सामने आए हैं। इनमें अधि कांश लोग बाहरी राज्यों से आए हैं। अधिकांश मामले यमकेश्वर क्षेत्र में हैं। हालांकि, जिले में अभी तक ओमिक्रॉन का कोई मामला सामने नहीं आया है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। जनपद की सीमा पर बाहर से आने वाले लोगों की जांच बढ़ा दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीन

### अलर्ट

■देहरादून जिले में 71 लोग संक्रमण की चपेट में आए

कुमार ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए तय नियमों का पालन करना जरूरी है।

खानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में एसडीएम ने कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर कोरोना जांच और वैक्सीनेशन करने वाली आशा कार्यकर्ताओं व स्वास्थ्यकर्मियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम वैभव गुप्ता ने कहा कि अभी कोरोना का खतरा टला नहीं है। कोरोना नए–नए रूप बदलकर आ रहा है। इसलिए हमें कोविड गाइडलाइन के अनुरूप ही काम करना होगा ताकि कोरोना को मात दे सकें। कोरोना काल में आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने परिवार से दूर रहकर जान जोखिम में डालकर दिन–रात काम किया है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# बदलेगा मौसम, दो पश्चिमी विक्षोभ हो रहे सक्रिय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में भारी बदलाव होने जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 03 से 05 जनवरी के बीच जबकि दूसरा 06 से 09 जनवरी के बीच सक्रिय हो रहे हैं। इनके अगले सात दिनों के दौरान उत्तर–पश्चिम और मध्य भारत को प्रभावित करने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी जबकि मैदानों में बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में मध्यम से भारी बर्फबारी की संभावना जताई है। इसके साथ ही तीन से नौ जनवरी तक सड़क और हवाई परिवहन बाधित होने का अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि देश में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के सक्रिय होने से तीन जनवरी देर रात से नौ जनवरी पूर्वाह्न तक जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और आसपास के पहाड़ी इलाकों में मौसम में भारी उथल–पुथल देखने को मिलेगी।

### सड़क और हवाई परिवहन बाधित होने का अलर्ट जारी